राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–237/2024

राजभवन में झारखंड दिवस–सह–जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 15 नवम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित झारखंड दिवस–सह–जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जब हमारे पास आधुनिक हथियार नहीं थे, तब उन्होंने तीर–धनुष का सहारा लिया और अंग्रेजों को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने जिस साहस और बहादुरी से अंग्रेजों का मुकाबला किया वह अविस्मरणीय है। उनके इन्हीं गुणों के कारण लोग उन्हें भगवान मानने लगे। भगवान बिरसा मुंडा का अदम्य साहस, अप्रतिम शौर्य और उत्कट राष्ट्रभक्ति हमारे लिए प्रेरक हैं। हमें उनके गुणों को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि अलग राज्य के गठन के पश्चात झारखंड ने काफी प्रगति की है। राज्य के विकास के लिए वहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का सदुपयोग किया गया है। इस अवधि में झारखंड के आदिवासियों के विकास के लिए भी काफी कार्य हुए हैं। झारखंड ने बड़े राज्यों के सामने विकास का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने झारखंड के स्थापना दिवस के अवसर पर वहाँ के निवासियों के सुख और समृद्धि तथा उस राज्य के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

राज्यपाल ने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार के वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....